प्रतिबद्धता प्रतिभा विकास की

# NAVRATAN

Foundations (Regd.) NOIDA

(An Organisation for upliftment of unseen talent)




## 23rd Annual Award Ceremony

# समर्पण 2025

On Sunday 11th May 2025 at 5.30pm

**NEA BHAWAN**

B-110A, SECTOR-6, NOIDA-201301

*www.navratanfoundations.com*

E-book Edition




Working for upliftment of economically weaker women

## ASTITVA 01



An informal child education centre for under priviledged children

## NAVRATAN GYANPEETH 02



Recognizing and honoring unseen talent in social/cultural/education

## SAMARPAN 03



Committed for 100% women literacy in Noida

## EDUCATED WOMEN-DEVELOPED INDIA 04



Computer Education for economically weaker section

## CYBER - URJA 05




Charitable Physiotherapy Centre for Senior Citizens

## PHYSIOTHERAPY CENTRE 06

# रक्तदान अभियान – श्री शिव कांवड़ महासंघ चौरिटेबल ट्रस्ट

नवरत्न फाउंडेशन्स ने मैजेस्टिक ऑटो लिमिटेड के सी एस आर के तहत रक्तदान अभियान के लिये अद्भुत कार्य कर रही श्री शिव कांवड़ महासंघ चौरिटेबल ट्रस्ट, चंडीगढ़ को उनके अभियान में प्रभावी सहयोग के लिये वतानुकूलित **मारुती इको वैन** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, पंजाब में प्रदान करी एवं रक्तदान शिविर में भाग लिया.






# शुभारम्भ : पुलिस पिंक बूथ – इस्कॉन मंदिर, सेक्टर 33

पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर त्वरित कार्य कर राहत प्रदान करने के लिये समर्पित पुलिस पिंक बूथ का शुभारम्भ इस्कॉन मंदिर, सेक्टर 33, नोएडा में पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह जी एवं श्री महेश मुंजाल, प्रबंध निदेशक, मैजेस्टिक ऑटो लिमिटेड ने डॉ. अशोक श्रीवास्तव, अध्यक्ष, नवरत्न फाउंडेशन्स की उपस्थिति में हुआ.








# गत वर्ष के कार्यक्रम की झलक









# अध्यक्ष की कलम से....

**'साथी हाथ बढाना'**

सर्व प्रथम नवरत्न फाउंडेशन्स के साकारत्मक एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण 23 वर्ष पूर्ण होने पर आप सभी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

गत 23 वर्षों में अपने अध्यक्षीय लेख में अनेक विषयों को छुआ है और अनुभव व्यक्त किये हैं. मेरा यही मानना है की कोई भी सामाजिक संस्था अपने लक्ष्य को तभी पा सकती है जब उसकी टीम उसके साथ मजबूती से खड़ी हो. यदि अध्यक्ष यह समझे की उपलब्धियों की श्रंखला केवल उसके नेतृत्व के कारण आई है तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है. आज नवरत्न की उपलब्धियों का सेहरा उसकी पूरी टीम के सर पर है. टीम के इलावा, हमारे साथ अनगिनत वो लोग हैं जिन्होंने ने अपने निरंतर अपना सहयोग दिया है अगर उनके हाथ नहीं बढ़ते तो शायद हम अपने कार्यों को सार्थकता प्रदान नहीं कर पाते. हम सभी अपने साथियों को ह्रदय के गहराईयों से अपना सादर अभिवादन अर्पित करते हैं।

आज नोएडा में करीब 350 से ज्यादा सामाजिक संस्थाएं विभिन्न विधाओं में कार्य कर रही हैं. कुछ पुरानी हैं तो कुछ नई हैं. लेकिन अधिकांश अपने सामाजिक उत्थान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं. कोविड महामारी के समय नवरत्न फाउंडेशन्स ने नोवरा के अध्यक्ष श्री रंजन तोमर के सहयोग से 35 संस्थाओं को मिला कर एक व्हाट्स एप ग्रुप बनाया जिसका नाम रखा एक्टिव एन जी ओ ग्रुप नोएडा. इसका एक ही लक्ष्य था की राशन बाटने का काम नोएडा में व्यवस्थित हो जाए, क्योंकि अधिकांश संस्थाएं एक ही स्थान पर जरूरतमन्दो को राशन बाँट के आ जाती थी. कई स्थान पर राशन नहीं पहुँच पा रहा था. सबसे निवेदन किया गया की वो प्रत्येक दिन का निर्दिष्ट स्थान ग्रुप में लिख दे ताकि अन्य संस्थाएं कहीं और राशन वितरित कर दें..और यह बहुत ही कारगर साबित हुआ, यही ही नहीं आपस में ताल मेल भी बैठने लगा और एक दुसरे के सहयोग में भी आने लगे. कार्य का क्षेत्र भी व्यापक हो गया. धीमे धीमे इसमें सदस्यों की संख्या बढ़ती गयी..विभिन्न प्रकार की संस्थाओं से उनके प्रभावी कार्यों की जानकारी मिलने लगी और तब जाकर मालूम पड़ा की समाज सेवा के अनगिनत आयाम हैं.. आज पांच वर्ष में इस ग्रुप में करीब 115 से ज्यादा संस्थाएं जुड़ चुकी हैं...और सभी को पहचान का नया आयाम मिल रहा है और आपसी सहयोग से अनेकों कठिन से कठिन कार्य संभव हो पाए हैं।

शायद पूरे भारत में नोएडा ही है जहाँ सामाजिक संस्थाओं का अनौपचारिक संगठन बना गया और नित नये कार्य देखने को मिल रहे हैं. नवरत्न ने भी अपने क्षेत्र को आगे बढाया है और 40 से ज्यादा एन जो ओ को सहयोग कर रहा है और उन्ही के सहयोग से नवरत्न के अनेक लाभकारी सामाजिक कार्य पूरे हो पाए हैं. जब बचपन में यह गाना सुनते थे 'साथी हाथ बढाना एक अकेला थक जाए तो मिल कर जोर लगाना' इसको अब इन सामाजिक गतिविधियों में सार्थक होता देख रहा हूँ की कैसे लोग इन सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ भाव से जुड़ते हैं अपना सहयोगी हाथ बढ़ाते हैं और असम्भव कार्य भी सफल हो जाते हैं।

पुनः इसी आशा एवं विश्वास के साथ की नवरत्न परिवार आप सबकी आकाँक्षाओं पर खरा उतरेगा हमेशा की तरह बशर्ते आपका हाथ हमारे साथ रहे।

हार्दिक आभार एवं सादर
**डॉ. अशोक श्रीवास्तव**

# आशीर्वाद-मुख्य सरंक्षक



विकास के लिए तीन तत्व आवश्यक होते हैं. गति, ठहराव और समन्वय या संतुलन। हम गति के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लेते है, ठहराव के माध्यम से विचार करते हुए, आगे बढ़ने की भूमिका बनाते हैं और समन्वय के माध्यम से दोनों स्थितियों में संतुलन लाने का प्रयास करते है। नवरत्न इन्हीं तीन तत्वों के साथ आगे बढ़ रहा है और हम सभी को हार्दिक आनन्द मिलता है जब हम पाते हैं कि समाज सेवा के मार्ग में हम निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं, मार्ग में आई बाधाओं को दूर करते हुए तथा पुरानी घटनाओं और नई चुनौतियों के बीच तालमेल बनाते हुए।

समर्पण 2025के समय हमारे लिए गौरव के पल होते हैं जब सामाजिक सरोकार और उपयोगिता के क्षेत्र में नवरत्न की भूमिका की चर्चा होती है, हमारे अध्यक्ष डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव को, नवरत्न संस्था को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महती भूमिका निभाने के लिए जब पुरस्कृत किया जाता है , तब हम सभी नवरत्न के सदस्यों के अतिरिक्त नवरत्न से जुड़े लाखों लोगों के मन में एक आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है।

सामाजिक सेवा के भाव को परिभाषित करना कठिन है। हम समझते हैं कि दूसरों के कल्याण की कामना करना ही समाज सेवा है जबकि स्थिति इसके विपरीत है। वस्तुतः अपने कल्याण हेतु हम ईश्वर द्वारा निर्देशित किए जाने पर दूसरों की सेवा कर पाते हैं। नवरत्न इसी भावना के साथ जनसेवा के मार्ग पर चल रहा है। हम केवल ईश्वर द्वारा निर्देशित कामों को ही कर पाते हैं, कर रहे हैं।

समर्पण के इस अवसर पर संस्था से जुड़े सभी पदाधिकारियों सहयोगियों को साधुवाद के साथ हार्दिक शुभकामनाएं। विशेष रूप से अपने कर्मठ अध्यक्ष डॉ अशोक श्रीवास्तव को हार्दिक शुभकामनाएं जिनके अथक प्रयास से नवरत्न , आज इस मुकाम पर पहुंच सका है। अगर नवरत्न को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग देने वाले, आशीष देने वाले शुभचिंतकों के प्रति नमन संदेश न भेजूं तो न्याय की उपेक्षा होगी। इसलिए उनको विशेष रूप से नमन।

भगवान आशुतोष सभी का कल्याण करें। हम लोगों को अभिमान से दूर रखें, यही प्रार्थना है।

अरविन्द श्रीवास्तव

# नवरत्न फाउंडेशन्स के संग सामाजिक विकास की यात्रा



सेवा जब जीवन का व्रत बन जाए, तो हर कदम अर्थपूर्ण हो उठता है। पिछले बाईस वर्षों से ''नवरत्न फाउंडेशन्स'' के साथ जुड़कर मैं इसी अर्थपूर्ण जीवन की अनुभूति कर रहा हूँ। नवरत्न संस्था ने शिक्षा, रोजगार, प्रतिभा विकास और क्षुधा तृप्ति जैसे उपक्रमों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों के जीवन में आशा की नयी किरणें बिखेरी हैं। विशेषतः कोरोनाकाल में, जब चारों ओर भय और असहायता का अंधकार छाया था, नवरत्न फाउंडेशन्स ने सेवा का दीपक जलाए रखा।

भोजन वितरण से लेकर मास्क व सैनिटाइजर वितरण तक, और जनजागरूकता अभियान चलाकर भय को साहस में बदलने तक, संस्था ने मानवता के सच्चे धर्म का निर्वहन किया। नवरत्न की यह यात्रा केवल आपदा तक सीमित नहीं रही। महिला विकास, बाल संरक्षण और सामाजिक चेतना के विविध आयोजनों के माध्यम से पूर्ववत निरंतर एक सशक्त और सुंदर समाज के निर्माण में प्रयासरत है।

इस सेवा–यात्रा की शुरुआत एक सुंदर संयोग से हुई। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की यात्रा के दौरान, मेरी भेंट नवरत्न फाउंडेशन्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव से हुई। उनकी प्रेरणादायी दृष्टि और समाज–सेवा के प्रति अगाध समर्पण ने मेरे भीतर एक नया संकल्प जागृत किया। आज, उसी प्रेरणा की अग्नि से प्रज्वलित होकर, मैं नवरत्न के हर सामाजिक प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास कर रहा हूँ। सेवा ही साधना है, और नवरत्न फाउंडेशन्स इस साधना का मेरा सबसे सुंदर माध्यम बन चुका है।

चितरंजन सक्सेना<br>
पूर्व महासचिव एवं सलाहाकार<br>
नवरत्न फाउंडेशन्स

# NAVRATAN FOUNDATIONS - WORKING COMMITTEE



**CHIEF PATRON**
**Arvind Srivastava**
(Former Member,
Trade Tax Tribunal U.P.)



**PATRON**
**Atul Mangal**
(Chairman,
MIMT)



**PATRON**
**Mrs. Renu Adawal**
( Social Activist)



**PATRON**
**Raj Kumar Srivastava**
(Former Member Tribunal)



**PATRON**
**Atul Srivastava**
(CEO-Effective People)



**PATRON**
**Jamil Ahmad**
(Educationist)



**PATRON**
**Anoop Jairath**
(Chatered Accountant)



**PATRON**
**Mrs. Vibha Mishra**
(Social Activist)



**PATRON**
**P.K. Gupta**
(Retd. Senior
Govt. Officer)



**PATRON**
**Dhurendra Chaturvedi**
(Additional
Commissioner)



**ADVISOR**
**Dr. Achyut Kumar Tripathi**
( Ayurvdeacharya)



**ADVISOR**
**Mukesh Nigam**
(Ex-Banker)



**ADVISOR**
**Chitranjan Saxena**
(Real Estate Consultant)



**ADVISOR**
**Ratan Kumar**
(ISO Expert)



**ADVISOR**
**Shekahr Dhar**
(Former Corporate
Executive)



**ADVISOR**
**Sanjay Pandey**
(Retd. Army official)



**ADVISOR**
**Deepak Naidu**
(Retd. Sr. Corporate
Executive)



**CHIEF JURY**
**Commodore Ravindra Nath**
Chairman-JVCC



**JURY MEMBER**
**Ashok B. Saxena**
Social Activist



**JURY MEMBER**
**Mrs. Poonam Jain**
Social Activist

# NAVRATAN FOUNDATIONS - WORKING COMMITTEE



**JURY MEMBER**
Arun Vaidya
CEO Aquarius Design



**JURY MEMBER**
Sunil Puri
Technocrat



**JURY MEMBER**
Dr. Narendra Gupta
Chest Specialist



**PRESIDENT**
Dr. Ashok Srivastava
9818700814



**SR. VICE PRESIDENT**
R.K. Saxena
9818391113



**Gen. SECRETARY**
A.V. Murlidharan
9811737169



**TREASURER**
Anuranjan Srivastava
88000220472



**VICE PRESIDENT**
Mrs. Varsha Srivastava
9711869237



**VICE PRESIDENT**
Murari Prasad Srivastava
9891369632



**VICE PRESIDENT**
Hemant Sharma
9899688981



**VICE PRESIDENT**
Someshwar Sharma
9910091963



**VICE PRESIDENT**
Vivek Srivastava
9910061259



**MEDIA IN CHARGE**
Vineet Khare
9911454347



**JOINT SECRETARY**
Mrs. Shalini Agrawal
9818744773



**JOINT SECRETARY**
Mrs. Anshumali Sinha
9555105778



**JOINT SECRETARY**
Mrs. Geeta Misra
8010745679



**JOINT SECRETARY**
Shubhranshu Shekhar
9999040419



**JOINT MEDIA IN CHARGE**
Anil Srivastava
8800127319



**EXECUTIVE MEMBER**
Sardar Gurjeet Singh
9990006424



**EXECUTIVE MEMBER**
Neeraj Bhatnagar
9891263980

# *Navratan Awards For Social Welfare-2025*

*(Social Workers / Social Organizations)*

## List of Awardees

1. **Sh. F.B. Nigam Memorial Award: Mr. Vicky Yadav, Divyatarang Foundation**, Sector-10, Noida
2. **Sh. J.B. Jairath Memorial Award: Das Charitable Foundation** Kalkaji, New Delhi
3. **Sh. Akash Saxena Memorial Young Achievers Award: Mr. Chandan Kumar Dubey,** Saran, Bihar
4. **DayaRani Nari Sasktikaran Purskar: Ms. Ananya Paul Dodamani**, Tribal Connect, Dharwad, Karnatka
5. **Kunwar Swaroop Bhatnagar Smriti Shiksha Purskar: Martyr Fl. Lt. Maheesh Trikha Foundation,** New Delhi
6. **Smt. Sonia Kohli Samajik " Sahyog" Vishesh Purskar: Brig. Harcharan Singh VSM**, Jammu
7. **Sh. Harish Bhalwar Memorial Award: Mrs. Veena Jaruhar,** Noida
8. **Chitransh Om Prakash Kamthan Shiksha Purskar: Miss Tanvi Nagar, Yash Memorial School, Noida**
9. **Sh. S.N. Sud Surrender Not Award: Mr. Devansh Chandra,** New Delhi
10. **Smt. Kunta Verma-Madan Prasad Srivastava Memorial Award: Mr. Umesh Kumar,** Noida
11. **Navratan Special Award: Mrs. Anita Jain**, Noida
12. **Navratan Special Award: Divine India Youth Association**, New Delhi
13. **Navratan Ke Ratna Award: Miss Aliya Gupta**, Saxophonist, Noida
14. **Navratan Ke Ratna Award: Miss Benzy,** Dhoon Foundation**,** New Delhi
15. **Navratan Ke Ratna Award: Smt Sapna Bhatnagar,** Famous Singer**,** New Delhi

# Award in Memory of



Sh. F.B. Nigam



Sh. J.B. Jairath



Sh. Akash Saxena



Mrs. Rani &
Sh. Daya Shankar Kapoor



Sh. Kunwar S. Bhatnagar



Smt. Sonia Kohli



Sh. Harish Bhalwar



Chitransh Om P. Kamthan



Sh. S.K. Sud



Smt. Kunta Verma & Sh. Madan P. Srivastava

# Report: May 2024 – April 2025

**Murlidharan AV (General Secretary)**



Since ***Samarpan 2024***, it has been an eventful year at **Navratan Foundations**. The focus for 2024–25 has been on launching new projects and strengthening ongoing ones. As we prepare for *Samarpan 2025*, it's time to look back and reflect. While the list of our achievements is long, here are some key highlights from the past year.

## Cyber Urja – Navratan Foundations' Computer Literacy Program

We opened 4 new fully-equipped computer education centres in and around Noida, bringing our total to 13. These centres are a joint initiative of Navratan Foundations and our CSR partners.

**New Centres Established Since May 2024:**

- PETRONET COMPUTER EDUCATION CENTRE, Maharaja Agrasen Junior High School, Vandana Enclave, Khora Colony, Noida – Inaugurated by Mr. Vinod Kumar Mishra, Director Finance, Petronet LNG Ltd.
- PETRONET DIVYATARANG COMPUTER EDUCATION CENTRE, Sector-10, Noida – Inaugurated by Mr. Dipanjan Bandyopadhyay, Manager CSR, Petronet LNG Ltd.
- Dr. ABL Srivastava Computer Education Centre, New Community Centre, Village Nithari, Sector-31, Noida – Inaugurated by Mrs. Asha Srivastava in association with the Society for Sports & Cultural Advancement (SSCA).
- Dr. ABL Srivastava Computer Education Centre, Badarpur, New Delhi – Inaugurated by Dr. Mrs. Sunita Jetley, President, Bhor Humanity Living Foundation, in association with Jansharanam NGO.

This year, more than 2,200 students enrolled across our centres. Those who completed their courses were awarded course completion certificates. We also introduced several advanced computer learning modules during the year.

## Navratan Gyanpeeth School – Informal Primary Education for Slum Children

Navratan Gyanpeeth, which provides informal education to 130 children from slum areas, underwent a complete renovation in 2024. With new interiors and furniture, the school now offers a better learning environment, made possible through the support of our CSR partner, REVVITY Healthcare Pvt. Ltd. A visiting team from REVVITY expressed their appreciation for the progress made by the children.

## Jo Aaye Woh Gaaye – Navratan Foundations' Unique Talent Hunt

As the name suggests, *Jo Aaye Woh Gaaye* is a platform for amateur singers of all ages. The program entered its third season in 2024 and has featured over 1,200 participants. After several audition rounds, quarter-finals, and semi-finals, the Grand Finale was held on 18th October 2024 at Noida Haat.

**Highlights:**

- Senior Group Winner: Mr. Purushottam Bhatt, 70 years old.
- Junior Group Winner: Miss Hirat Sisodiya, 9 years old.

Their performances were unanimously appreciated by the judges, proving that talent knows no age. The event was a musical treat enjoyed by a large audience.

## Important Musical Events

- **Shukriya Mukesh:** Held on 25th August 2024 at Indira Gandhi Kala Kendra, Noida, in memory of the legendary singer Mukesh.
- **Jashn-e-Tajurbaat:** Organized on 13th October 2024 at Noida Haat in collaboration with Om Vishranti Charitable Society. Senior citizens, including super seniors above 90, were honored through their musical performances.
- **Mohammad Rafi Nite:** Held on 23rd December 2024 at Sector-23 Community Centre, Noida, in memory of the legendary singer, organized in association with Noida Ex-Officers Welfare Association.
- **Ruk Jana Nahin:** A recurring musical series initiated by Mr. Krishan Mohan and supported by Navratan Foundations. Seven events were held on various dates throughout the year, showcasing tribute nights and performances by upcoming singers. **This seven such musical evenings were orgnaised on 4th April 2024, 8th May 2024, 21st July 2024, 23rd August 2024, 10th November 2024, 7th January 2025 and 4th April 2025.**
- **Voice of Delhi NCR – Season 3:** Organized by Mr. Pankaj Mathur (DMS Aarohi) with Navratan Foundations as a key associate. The Grand Finale was held at Pyare Lal Bhawan, New Delhi.
- **Azaadi Ke Deewaane Ke Taraney – Kavi Sammelan:** Held on 14th August 2024 at Noida Auditorium, Sector-12, with performances by renowned poets including Mrs. Alka Mishra, Vinod Mishra, Ajay Mishra 'Dabang', and Piyush Malviya.

## Shaheed Diwas Samaroh – Tribute to Martyr Captain Vijayant Thapar

On 29th June 2024, we hosted a patriotic cultural evening to mark the 25th martyrdom anniversary of Captain Vijayant Thapar. His parents, Mrs. Tripta Thapar and Col. V. N. Thapar, attended the program at Noida Haat. The gesture deeply moved them and was attended by a large gathering from Delhi NCR.

## Captain Shashikant Sharma Cricket Tournament 2024

In association with Gautam Buddha Nagar District Cricket Association, Navratan Foundations supported the annual tournament held on 5th October, commemorating martyr Captain **Shashikant Sharma.**

## Eklavya Ki Khoj – Talent Hunt for the Underprivileged

In collaboration with Divyatarang Educare Foundation, *Eklavya Ki Khoj* aims to identify hidden talent among slum and village children. The program is currently in its audition phase, with five auditions held so far.

## ASTITVA – Women Empowerment Through Skill Development

Operating centres across Gautam Buddh Nagar, Bulandshahr, and Delhi, our ASTITVA initiative has trained over 10,000 women in tailoring skills over the past 14 years. Graduates are awarded certificates and encouraged to pursue livelihoods.

## Healing Through Acupressure

In partnership with Samvaayi Foundation, acupressure therapy camps were organized at Kanchan Public School, Navratan Gyanpeeth, and Nirala Estate. The sessions included both awareness and treatment. More such camps are planned for the upcoming year.

## Petronet Sheet Kawach 2024

This annual woolen sweater distribution campaign has been running for 22 years. In 2024, we distributed 7,000 sweatersto 28 organizations (schools and NGOs), supported by our CSR partner, Petronet LNG Ltd.

## Police Pink Booth at ISKCON Temple, Sector-33, Noida

To enhance women's safety, Navratan Foundations, in partnership with CII and Majestic Auto Ltd., installed a Police Pink Booth at ISKCON Temple. The project addresses women's grievances and promotes public safety.

## Navratan Expands to Chandigarh

In collaboration with Majestic Auto Ltd., Navratan Foundations donated an air-conditioned Maruti Eeco van to Shri Shiv Kanwar Mahasangh Charitable Trust, Panchkula, to support their blood donation initiatives.

## Aasha-Anand Education Scholarships

Instituted in memory of Great Statistician Dr. ABL Srivastava, this scholarship program awarded Rs. 21,000 each to 12 meritorious girl students from various schools.

## Majestic-CII-Skill-Will-Lead Debate

An inter-university debate competition organized in Delhi NCR and Punjab under the CSR initiative of Emirates Technologies Pvt. Ltd. Navratan Foundations is proud to be associated. This year, Rs. 11 lakhs in total prize money was distributed among winners.

***These were some of the notable highlights of the year.***

Navratan Foundations' core mission is to discover and nurture unseen talent, providing platforms for individuals and organizations to shine. We are proud to have helped many talented individuals, including singers and social workers from small NGOs, to gain recognition. For us, the search for talent never ends. We are also extremely happy to also report that we are the philanthropic partners to the mental health think tank , DayaRani Wellness Advisory. Our commitment to mental wellness of the community is one of our objectives in coming days .


**NAVARATAN FOUNDATIONS**

**COORDINATORS**

Coordinators - Jo Aaye Wo Gaaye

Mohit Sharma 9899237878 • Richa Bajaj 9818949648

Thakur Balbir Singh Rural-Dankaur: 9759481379 • Dr Mukesh Daksh-Dadri: 9910809636

Mrs. Sunita Shukla-Noida: 98119 61647 • Ramakant Singh-Navratan Gyanpeeth: 9650071211

Mrs. Kanchan Srivastava-Noida: 9250758492 • Raju Khan-Technical: 9971626786

Achyutanand Mishra ‘Ranu’, Ghazipur: 9717564949

## श्री एफ. बी. निगम स्मृति पुरस्कार : श्री विक्की यादव
## दिव्य तरंग एजुकेयर फाउंडेशन नोएडा



**श्री विक्की यादव**

दिव्य तरंग एडुकेयर फाउंडेशन के प्रणेता विक्की यादव का जीवन एक ऐसे दीपक की तरह है, जिसने अंधेरे में भी अपने प्रकाश से दूसरों का मार्ग रोशन किया। नोएडा की एक झुग्गी बस्ती में जन्मे विक्की ने कम उम्र में ही जीवन की कठोर सच्चाइयों का सामना किया। मात्र 13 वर्ष की आयु में पिता को खोने के बाद, विक्की और उनका परिवार गहन आर्थिक तंगी में डूब गया। मां की संघर्षशीलता और विक्की की जिम्मेदारी ने उन्हें समय से पहले बड़ा बना दिया। संगीत और पढ़ाई में रुचि रखने वाला विक्की समाज के प्रति संवेदनशील था। उसने देखा कि उसके जैसे कई बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। यहीं से जन्म हुआ दिव्यतरंग की सोच का। विक्की ने खुद बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। झुग्गियों में जाकर शिक्षा का महत्व बताया और धीरे–धीरे एक आंदोलन खड़ा कर दिया। आज दिव्यतरंग एडुकेयर फाउंडेशन सैकड़ों बच्चों को शिक्षा, कंप्यूटर ज्ञान, चरित्र निर्माण और जीवन कौशल सिखा रहा है। विक्की यादव का जीवन इस बात का प्रमाण है कि परिस्थितियाँ चाहे जितनी भी कठिन हों, अगर संकल्प अडिग हो, तो बदलाव संभव है। उन्होंने अपने दर्द को दूसरों की मुस्कान बना दिया, और यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

संघर्ष से सेवा तक का सफर तय करने वाली संस्था **दिव्य तरंग एजूकेयर फाउंडेशन के प्रेरणादायी सामाजिक कार्यो को देखते हुए श्री एफ0 बी0 निगम स्मृति पुरस्कार संग रूपये 21,000/– नकद राशि से सम्मानित कर सुखद अनुभूति हो रही है।**









# श्री जे. बी. जयरथ स्मृति पुरस्कार : दास चौरिटेबल फाउंडेशन



'निर्भया कांड' 2012 की भयावह रात ने जब देश को झकझोर दिया, तब जन–क्रांति की आग में जन्म लिया तब **दास चौरिटेबल फाउंडेशन** के एक विभाग **PARI** (People Against Rapes in India) ने, एक ऐसा आंदोलन, जो नारी गरिमा और न्याय के लिए समर्पित है। इस संस्था की संस्थापक योगिता भायना हैं, जिन्होंने एक सड़क हादसे में घायल की उपेक्षा देख समाज की संवेदनहीनता को महसूस किया, और तबसे वे पीड़ितों की आवाज बन गईं। **दास चौरिटेबल फाउंडेशन** का कार्यक्षेत्र केवल न्यायालय की दीवारों तक सीमित नहीं, बल्कि यह कानूनी सहायता, परामर्श, चिकित्सा, पुनर्वास और आत्मबल निर्माण तक फैला हुआ है। **'Changemaker Drive'** के अंतर्गत 10,000 युवाओं को प्रशिक्षित कर 100 से अधिक पीड़ितों को सहारा देने का सशक्त प्रयास हो रहा है। 'नारी के दो दिन' जैसे आंदोलनों के माध्यम से संस्था ने संसद में महिलाओं के लिए विशेष सत्र की माँग उठाई। दिसंबर 2024 में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 23 राज्यों से आए प्रतिनिधियों और 40 एनजीओ ने महिला–बाल संरक्षण पर विचार साझा किया। COVID-19 के कठिन समय में भी दास चौरिटेबल फाउंडेशन ने न केवल 10,000 से अधिक लोगों को राहत पहुँचाई, बल्कि 1,000 प्रवासियों को घर पहुँचाया और 5,000 महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया। यह संस्था नहीं, यह एक विचार है, अन्याय के विरुद्ध, संवेदनशील समाज के निर्माण हेतु।

पीड़ितों के सम्मान और न्याय की पुकार हेतु सतत प्रयासरत संस्था **दास चौरिटेबल फाउंडेशन को श्री जे. बी. जयरथ स्मृति पुरस्कार के संग रूपये 11,000/– नकद राशि प्रदान करते हुए नवरत्न परिवार गर्व की अनुभूति करता है।**










## श्री आकाश सक्सेना स्मृति यंग अचीवर्स अवार्ड
## श्री चंदन कुमार दुबे, सारण, बिहार


**श्री चंदन कुमार दुबे**

बिहार के सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध सारण जनपद के निवासी, वर्तमान में जयप्रकाश विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर विद्यार्थी चंदन कुमार दुबे, बचपन में आई एक भीषण सड़क दुर्घटना ने उनके जीवन को झकझोर दिया। जिसमें उन्होंने अपने बड़े पापा को खोया तथा स्वयं गंभीर रूप से घायल हुए। इस पीड़ा ने उनके अंतर्मन में सेवा का संकल्प भर दिया। वर्ष 2016 से उन्होंने ''सेफ ड्राइव, सेव लाइफ'' अभियान की अलख जगाई। वे अब तक दो हजार से अधिक वाहनों पर सुरक्षा स्टीकर लगा चुके हैं और सैकड़ों लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर चुके हैं। वे राह चलते लोगों को उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट करते हैं, एक ऐसा व्यवहार  जो प्रेम, सुरक्षा और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

श्री दुबे ने दधीचि देहदान समिति से जुड़कर अपना शरीर समाज के लिए समर्पित किया है। वे रक्तदान, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जल–संवर्धन जैसे जनहितकारी अभियानों में निरंतर सक्रिय हैं। 2017 से वे एक निःशुल्क प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें कई हजार विद्यार्थी भाग लेते हैं। चयनित छात्रों को लैपटॉप, साइकिल और निःशुल्क शिक्षा जैसे पुरस्कार दिए जाते हैं। कोरोना महामारी के समय उन्होंने 70 दिनों तक जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुँचाई। समाज के प्रति उनके समर्पण और सेवा भावना के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। वे यथार्थ में आज के समय के एक प्रेरणादायक युवा व्यक्तित्व हैं।

सेवा, संवेदना और संकल्प का स्वर के रूप में प्रतिष्ठित चंदन कुमार दुबे के सामाजिक कार्यों को देखते हुए नवरत्न परिवार उन्हें **श्री आकाश सक्सेना स्मृति यंग अचीवर्स अवार्ड के संग रूपये 11,000/– नकद राशि प्रदान कर गर्व की अनुभूति कर रहा है।**






## दया रानी नारी सशक्तीकरण पुरस्कार– सुश्री अनन्या पॉल डोडमानी



**सुश्री अनन्या पॉल डोडमानी**

असम के लुमडिंग जैसे छोटे से नगर में जन्मीं अनन्या पॉल डोडमानी, अपने अदम्य साहस, संवेदना और सेवा भावना से समाज में एक नई चेतना का संचार करने वाली कर्मयोगिनी हैं। एक आपराधिक मनोवैज्ञानिक होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन की दिशा उन इलाकों की ओर मोड़ी, जहाँ विज्ञान से अधिक करुणा की आवश्यकता थी।

बचपन के गहरे आघातों को पीछे छोड़ते हुए, अनन्या ने आतंकवाद प्रभावित कार्बी आंगलोंग जैसे क्षेत्रों में शौचालय और लड़कियों के लिए चेंजिंग रूम बनवाए। उन्होंने मासिक धर्म जैसे सामाजिक वर्जनाओं से घिरे विषय पर निडरता से कार्य करते हुए 90,000 से अधिक महिलाओं को बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड बनाना सिखाया, जिससे न केवल उनकी स्वच्छता सुनिश्चित हुई, बल्कि रोजगार का साधन भी मिला। महामारी के संकटपूर्ण काल में, उनके गैर–लाभकारी संगठन ट्राइबल कनेक्ट ने पाँच राज्यों में सामुदायिक रसोई चलाकर हजारों लोगों को भोजन, राशन और स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराई। उनका विश्वास है कि शिक्षा ही वह प्रकाश है, जो अंधकार में डूबी जिंदगियों को दिशा दे सकता है। इसी उद्देश्य से उन्होंने पूर्वोत्तर, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के सुदूर गाँवों में 162 शिक्षण एवं सामुदायिक केंद्र स्थापित किए, जहाँ बच्चों को निःशुल्क भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। अपने समर्पणपूर्ण कार्यों के लिए अनन्या को करमवीर चक्र (दो बार), असम रत्न सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया है।

नवरत्न परिवार, अनन्या पॉल डोडमानी के अद्वितीय योगदान को नमन करते हुए उन्हें **दया रानी नारी सशक्तीकरण पुरस्कार संग रूपये 11,000/– नकद राशि से सम्मानित कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है।**











# कुंवर स्वरूप भटनागर स्मृति शिक्षा पुरस्कार
# शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट महीश त्रिखा फाउंडेशन

शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट महीश त्रिखा फाउंडेशन, वर्ष 2006 में उस वीर सपूत की स्मृति में स्थापित किया गया, जिन्होंने 16 अगस्त 2002 को सियाचिन ऑपरेशन के दौरान मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह संस्था न केवल उनकी शहादत को चिरस्मरणीय बनाने का माध्यम है, बल्कि देशभक्ति, सेवा और समर्पण की भावना को युवाओं में जागृत करने का सशक्त प्रयास भी। संस्था द्वारा RIMC देहरादून के स्टाफ के बच्चों को M-TRIKS छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जो शिक्षा में समान अवसर और प्रोत्साहन का प्रतीक है। साथ ही, फाउंडेशन निःशुल्क विधिक सहायता, कैरियर काउंसलिंग, पर्सनालिटी एवं स्किल डेवेलपमेंट कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन देता है। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन और आपदाओं में राहत कार्यों के माध्यम से फाउंडेशन ने सेवा की वास्तविक भावना को चरितार्थ किया है। कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी के समय भी यह संस्था लोगों का संबल बनी रही। युवाओं को NDA, SSB और सैन्य सेवाओं की दिशा में प्रेरित कर संस्था उन्हें राष्ट्ररक्षा की गौरवपूर्ण राह दिखाती है। "सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है", इस मूलमंत्र को आत्मसात कर यह फाउंडेशन वीरता, करुणा और कर्तव्यपरायणता की मिसाल बना हुआ है।

**सेवा के प्रति संकल्पित शहादत की अमर ज्योति शहीद फ्लाइट लेफ्टीनेंट महीश त्रिखा फाउंडेशन को कुंवर स्वरूप भटनागर स्मृति शिक्षा पुरस्कार के संग रूपये 11,000/– नकद राशि प्रदान कर नवरत्न परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।**









## श्रीमती सोनिया कोहली सामाजिक ''सहयोग'' विशेष पुरस्कार
## ब्रिगेडियर हरचरण सिंह, विशिष्ट सेवा मेडल (टैड)




**ब्रिगेडियर हरचरण सिंह**

ब्रिगेडियर हरचरण सिंह, विशिष्ट सेवा मेडल (टैड) से सम्मानित, भारतीय सेना के एक तेजस्वी अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रसेवा को केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन का धर्म माना। अगस्त 2015 में सेना से सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी उनका समर्पण कभी कम नहीं हुआ, वर्दी भले उतारी, पर देशप्रेम का वस्त्र सदैव धारण किए रहे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सामाजिक सेवा को अपने जीवन की नई दिशा बनाया। नेशनल करप्शन कंट्रोल एंड ह्यूमन वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (NCCHWO) में राष्ट्रीय प्रशासक और ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने "प्रोजेक्ट नमन" की नींव रखी, जो वीर नारियों और उनके परिवारों को मानसिक संबल और प्रोत्साहन प्रदान करता है। साथ ही, वॉर वूंडेड फाउंडेशन (WWF) के उत्तर भारत निदेशक के रूप में उन्होंने दिव्यांग सैनिकों के पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। लेखन में भी वे उतने ही प्रखर हैं। USI गोल्ड मेडल से सम्मानित उनकी लेखनी समाज में जागरूकता और संवेदना दोनों का संचार करती है। उनके प्रयासों से जम्मू–कश्मीर में वीर नारियों को मुफ्त कानूनी सहायता मिली। 7 दिसंबर 2024 को उन्हें वेटरन्स अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, यह उनके जीवन के संघर्ष, सेवा और समर्पण का सजीव प्रमाण है। ब्रिगेडियर सिंह आज भी कर्तव्य, करुणा और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल हैं। जो हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्वरूप है।

**बिग्रेडियर हरचरण सिंह विशिष्ट सेवा मैडल के प्रेरणादायी कार्यों को देखते हुए नवरत्न परिवार इन्हें श्रीमती सोनिया कोहली सामाजिक सहयोग विशेष पुरस्कार संग रूपये 11,000/– नकद राशि से विभूषित कर खुशी की अनुभूति करता है।**









# श्री हरीश भाल्वर स्मृति पुरस्कार : श्रीमती वीणा जरुहार



**श्रीमती वीणा जरुहार**

बचपन से ही सेवा की भावना से ओतप्रोत श्रीमती वीणा जरूहार ने समाज सेवा को अपना जीवन–धर्म बना लिया। विगत 36 वर्षों से समाज के उपेक्षित, पीड़ित एवं वंचित वर्ग के लिए आपने जो कार्य किए हैं, वे एक जीवंत प्रेरणा का स्रोत हैं। कुष्ठ रोगियों की सेवा हो या झुग्गी बस्तियों में रह रहे परिवारों के लिए भोजन, वस्त्र व दवा की व्यवस्था, इन्होंने हर मोर्चे पर खुद को समर्पित किया। प्रशासन की उदासीनता के विरुद्ध जब आपने मात्र 10 महिलाओं के साथ रैली की शुरुआत की और वह सैकड़ों की आवाज बन गई, तब आपकी नेतृत्व क्षमता स्पष्ट हुई। आपने ''कला–मंडल'' और ''चिंतन'' जैसे मंचों के माध्यम से नाटक, नृत्य और एकांकी द्वारा सामाजिक बुराइयों पर चोट की। स्कूलों में एनीमिया परीक्षण, नेत्र जांच, रक्तदान शिविरों का आयोजन कर हजारों बच्चों व नागरिकों को लाभान्वित किया। प्लास्टिक बहिष्कार, पर्यावरण सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, पल्स पोलियो अभियान, हर क्षेत्र में आपकी उपस्थिति न केवल उल्लेखनीय रही, बल्कि परिवर्तनकारी भी। आपको अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। स्वर्ण पदक, ग्रैंड लीडरशिप अवॉर्ड, रेकॉर्ड ब्रेकिंग रक्तदान शिविर जैसे सम्मान आपके समर्पण की स्वीकृति हैं। आपका जीवन समाज सेवा का साक्षात उदाहरण है, जहाँ न कोई अपेक्षा है, न विश्राम, केवल कर्म, करुणा और कर्तव्य है।

ऐसी समर्पित समाजसेवी श्रीमती वीणा जरूहार को नवरत्न परिवार **श्री हरीश भाल्वर स्मृति पुरस्कार संग रूपये 11,000/– नकद राशि प्रदान देते हुए गर्व की अनुभूति कर रहा है।**











## श्री एस0 के0 सूद सरेंडर नॉट पुरस्कार : श्री देवांश चंद्रा, नई दिल्ली



**श्री देवांश चंद्रा**

देवांश चंद्रा, एक 19 वर्षीय विशेष बालक, दिल्ली की व्यस्त और चकाचौंध भरी दुनिया में अपने मौन और सधे हुए कदमों से चल रहा एक ऐसा दीप है, जिसकी लौ संघर्ष की हवाओं में भी नहीं बुझती। वे ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से प्रभावित हैं, परंतु उनका जीवन परिचय किसी सीमितता का नहीं, बल्कि संभावनाओं का विस्तार है। बाल्यावस्था में जब अधिकांश बच्चे बोलने की चेष्टा करते हैं, देवांश पांच वर्षों तक मौन थे। उनके नाम पर भी कोई प्रतिक्रिया न देना, उनकी चुप्पी को और गहरा बना देता था। जीवन की विडंबनाएँ यहीं नहीं रुकीं, तीन बार उनकी वाणी चली गई, और परिवार ने उन्हें सांकेतिक भाषा सिखाई।

सामान्य कार्य जैसे भूख जताना, शौचालय उपयोग करना, कपड़े पहनना, ये सब देवांश के लिए छोटे युद्ध रहे, जिनमें हर दिन संघर्ष था। परंतु इस यात्रा में उनका परिवार उनकी ढाल बना रहा, प्रेम और धैर्य की अटूट छाया बनकर। देवांश की रुचियाँ भी उन्हें विशिष्ट बनाती हैं। कंप्यूटर के प्रति उनका आकर्षण, और गानों के बोलों की अद्भुत स्मृति शक्ति, उनके भीतर छिपी प्रतिभा की झलक देती है। सामाजिक संवाद भले कठिन हो, पर संगीत उनके आत्मा की सहज भाषा है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि विशेष होना कोई बाधा नहीं, वह तो जीवन का एक और रंग है, जो धैर्य, प्रेम और समझदारी से और भी खूबसूरत बन जाता है।

**संघर्ष और सृजन की ओर एक विशेष यात्रा कर समाज के सामने प्रेरणादायी मिसाल बने देवांश चंद्रा को श्री एस. के. सूद सरेंडर नॉट पुरस्कार के संग रूपये 11,000/– नकद राशि से विभूषित कर नवरत्न परिवार अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति करता है।**






## श्रीमती कुंता वर्मा–मदन प्रसाद श्रीवास्तव स्मृति पुरस्कार–लायन उमेश कुमार



लायन उमेश कुमार

श्री उमेश कुमार एक ऐसें प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने जीवन की व्यावसायिक ऊँचाइयों से आगे बढ़कर समाजसेवा को अपना ध्येय बना लिया। वर्ष 1971 में एम.एससी. की डिग्री प्राप्त कर रैनबैक्सी लेबोरेटरी से फार्मा क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत की। 1974 में सरकार द्वारा एप्रूव्ड मैन्युफैक्चरिंग केमिस्ट की मान्यता प्राप्त कर फार्मा उद्योग में अपनी विशेष पहचान बनाई। नेपाल और भारत में कार्य अनुभव लेने के पश्चात 1975 से स्वयं की इंडस्ट्री शुरू की, जो 2012 तक सूरजपुर में संचालित रही। किन्तु असली यात्रा तब आरंभ हुई, जब आपने जीवन को समाजसेवा के लिए समर्पित किया। वर्ष 2000 में लायन्स क्लब नोएडा से जुड़कर अनेक सेवा कार्यों में भाग लिया, परंतु आपकी आत्मा को विशेष संतोष मिला नेत्र चिकित्सा सेवा में। आपने यह अनुभव किया कि केवल आई–कैंप पर्याप्त नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देखभाल आवश्यक है। तब से निरंतर, 18 वर्षों से आप आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अस्पताल ले जाकर मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाते हैं, उनके खाने, रहने, और सुरक्षित वापसी तक का पूर्ण दायित्व निभाते हैं। आज नोएडा, अलीगढ़, बुलंदशहर और दिल्ली तक अनेक गांवों में निःस्वार्थ सेवा कर मानवता का दीप जला रहे हैं। इनकी सेवा के पोस्टर, संपर्क नंबर और समर्पण स्वयं आपकी पहचान बन चुके हैं। श्री उमेश कुमार वास्तव में उस समाज की रीढ़ हैं, जो निःस्वार्थ सेवा को ही जीवन का सार मानते हैं। सेवा का पर्याय, समर्पण की मिसाल बनें श्री उमेश कुमार के सामाजिक विकास की दिशा में किये जा रहे अनुकरणीय प्रयासों को देखते हुए **श्रीमती कुंता वर्मा – मदन प्रसाद श्रीवास्तव स्मृति पुरस्कार के संग रूपये 11, 000/– नकद राशि से पुरस्कृत कर नवरत्न परिवार खुशी की अनुभूति कर रहा है।**





## नवरत्न विशेष पुरस्कार : श्रीमती अनीता जैन



एक संवेदनशील हृदय वाली समाजसेवी अनीता जैन, जिनका विश्वास है कि सच्चे मन से की गई सेवा आत्मविकास का श्रेष्ठ साधन है। इसी विश्वास से प्रेरित होकर उन्होंने वर्ष 2008 में 'अमृतम' नामक चौरिटेबल संस्था की स्थापना की, जिसका उद्देश्य हैकृजरूरतमंदों को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे भोजन, दवाइयाँ, वस्त्र और शिक्षा की सहज उपलब्धता प्रदान करना। अमृतम ने एम्स, दिल्ली तथा नोएडा के विभिन्न झुग्गी क्षेत्रों में प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराकर मानवीय सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। संस्था को यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा में प्राप्त भूमि पर एक आधुनिक वृद्धाश्रम का निर्माण भी प्रगति पर है, जहाँ प्रारंभिक चरण में 60–70 वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मानव सेवा के साथ–साथ श्रीमती जैन पशु सेवा में भी समान रूप से समर्पित हैं। उन्होंने सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं के लिए प्रतिदिन भोजन, दूध एवं रोटियों की व्यवस्था सुनिश्चित की है, जिसमें प्रति दिन लगभग 3000 रोटियाँ और 200 से अधिक कुत्तों के लिए दूध–ब्रेड की सेवा होती है। साथ ही, उन्होंने निरीह पशुओं की बलि रोकने हेतु भी सराहनीय प्रयास किए हैं। उनका जीवन दर्शन है, "दूसरों की सहायता करना ही स्वयं की सच्ची सेवा है।" उनकी निःस्वार्थ भावना और करुणा से ओतप्रोत कार्य वास्तव में समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं।

**सेवा, करुणा और समर्पण की जीवंत प्रतिमूर्ति श्रीमती अनीता जैन के प्रेरणादायी कार्यो को देखते हुए उन्हें नवरत्न विशेष पुरस्कार से सम्मानित कर हमें खुशी की अनुभूति हो रही है।**

## नवरत्न विशेष पुरस्कारः डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएश DIYA



डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (DIYA), दिल्ली, अखिल विश्व गायत्री परिवार का युवा संगठन भारतीय नवयुवकों के नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्थान का सशक्त मंच है। इसकी स्थापना भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं पं. डॉ. प्रणव पण्ड्या के प्रेरणास्रोत नेतृत्व में हुई थी। संस्था का मूल उद्देश्य है, युवाओं के भीतर छिपी ऊर्जा को जाग्रत कर राष्ट्र एवं समाज के नव निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना। विगत 12 वर्षों में संस्था ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, व्यक्तित्व विकास जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में संचालित बाल संस्कार शालाओं के माध्यम से हजारों बच्चों को न केवल अक्षर ज्ञान मिला, बल्कि आदर्श संस्कार भी रोपे गए। IAS परीक्षाओं हेतु संचालित निःशुल्क कोचिंग ने कई होनहारों को प्रशासनिक सेवा तक पहुँचाया। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हजारों जीवनों को नई दिशा दी गई। ध्यान व योग सत्रों के माध्यम से 25,000 से अधिक युवाओं को मानसिक शांति एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त हुई। 1100 से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संवर्धन में योगदान दिया गया। युवा उदय समारोह, प्रोजेक्ट दशाबोध और व्यक्तित्व विकास कार्यशालाएँ युवाओं को आत्मबोध और आत्मनिर्माण की दिशा में अग्रसर करती हैं। DIYA का ध्येय है एक जागरूक, सशक्त और संवेदनशील युवा वर्ग के माध्यम से श्रेष्ठ समाज की स्थापना।

**युवा चेतना का जागरण करते हुए राष्ट्र निर्माण के प्रति संकल्पित DIYA ( डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन) को नवरत्न विशेष पुरस्कार से विभूषित कर हमें गर्व की अनुभूति हो रही है।**

## नवरत्न के रत्न पुरस्कार : आलिया गुप्ता



संगीत की सजीव अभिव्यक्ति जब किसी बालमन से फूटती है, तो वह ईश्वरीय आशीर्वाद प्रतीत होती है। ऐसी ही एक विलक्षण प्रतिभा हैं 13 वर्षीय आलिया, जो भारत की सबसे कम उम्र की महिला सैक्सोफोन वादिका के रूप में उभरती नक्षत्र बन चुकी हैं। मात्र 9 वर्ष की आयु में जब बच्चे खेल–कूद में रमे होते हैं, तब आलिया ने सैक्सोफोन को अपना साथी बना लिया। बीते तीन वर्षों में 120 से अधिक मंचीय प्रस्तुतियाँ देकर उन्होंने न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि एक नई परंपरा की नींव रखी। आलिया ने डॉ. जोगी जैसे प्रतिष्ठित गुरु से संगीत का प्रथम पाठ पढ़ा, और आज वे जैज संगीत के महारथी शिरीष मल्होत्रा से कला की बारीकियाँ सीख रही हैं। ऑल्टो, टेनर और सोप्रानो सैक्सोफोन पर उनकी उंगलियाँ जब थिरकती हैं, तो सुर एक नई कहानी कहने लगते हैं। साथ ही वे माउथ ऑर्गन और कीबोर्ड में भी निपुण हैं। संगीत में जैसी सिद्धहस्त हैं, पढ़ाई में भी उतनी ही तेज। जयपी स्कूल, नोएडा की कक्षा 9 की छात्रा आलिया, पिछले चार वर्षों से क्लास टॉपर रही हैं और विद्यालय की ओर से छात्रवृत्ति प्राप्त कर चुकी हैं। नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से उन्होंने हाल ही में एक ऑल–फीमेल बैंड की स्थापना की है, जो देशभर की किशोरियों को प्रेरित कर रहा है। आलिया न केवल सुरों की साधिका हैं, बल्कि आज के समय की एक जीवंत प्रेरणा भी हैं, यह सिद्ध करती हुई कि उम्र नहीं, केवल जज्बा मायने रखता है। **सुर साधिका आलिया के प्रयासों को देखते हुए नवरत्न के रत्न पुरस्कार देते हुए हमें खुशी की अनुभूति हो रही है।**

## चित्रांश ओम प्रकाश कामठान शिक्षा पुरस्कार–2025
## कुमारी तन्वी नागर, यश मेमोरियल स्कूल बिशनपुरा, नोएडा





यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में तनवी नागर व इंटरमीडिएट में देव जिला टापर

95% हाईस्कूल में तनवी को मिले

98.80% इंटरमीडिएट में देव को मिले

**कुमारी तन्वी नागर, यश मेमोरियल स्कूल बिशनपुरा, नोएडा** की छात्रा ने जिला गौतम बुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश बोर्ड की 10वीं कक्षा की वर्ष 2025 की परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए **चित्रांश ओम प्रकाश कामठान शिक्षा पुरस्कार–2025 के संग नकद राशि 11000/– रूपये स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।**

## नवरत्न के रत्न पुरस्कार : सुश्री बेन्जी



संगीत के आकाश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली सुश्री बेन्जी, स्वर और भावना की विलक्षण साधिका हैं। वे शब्दों से परे, सुरों की भाषा में संवाद करती हैं। जहाँ अधिकांश कलाकार मंच पर प्रदर्शन करते हैं, वहीं बेन्जी मंच पर आत्मा के स्तर पर जुड़ती हैं। उनके गायन में भावनाओं की गहराई और आत्मिक स्पर्श है, जो श्रोताओं को भीतर तक छू जाता है। उनकी प्रतिभा को देश की सर्वोच्च संस्थाओं ने भी सराहा है। उन्हें तीन बार राष्ट्रीय मावाड पुरस्कार से नवाजा गया, वह भी प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति द्वारा। उनका नाम दो बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज हुआ है। उन्होंने न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी भारतीय संगीत का मान बढ़ाया। 'कौन बनेगा करोड़पति' और 'द कपिल शर्मा शो' जैसे प्रसिद्ध मंचों पर उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज की। उनका नवीनतम देशभक्ति गीत 'मैं हूँ देश की सिपाही', स्वतंत्रता दिवस पर विशेष रूप से रिलीज हुआ, जिसके साथ अब उनके 12 एल्बम संगीत प्रेमियों तक पहुँच चुके हैं। लता मंगेशकर से लेकर अमिताभ बच्चन तक, कई दिग्गजों ने उनकी प्रतिभा को सराहा है। सुश्री बेन्जी आज के समय की वह सांगीतिक जादूगरनी हैं, जो सुरों के माध्यम से मानवता और संस्कृति को जोड़ रही हैं। **ऐसी स्वर साधना की अनमोल साधिका सुश्री बेंजी को नवरत्न के रत्न पुरस्कार देते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है।**

## नवरत्न के रत्न पुरस्कारः श्रीमती सपना भटनागर, गायिका, नोएडा




लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट चेयरमैन की निजी सचिव श्रीमती सपना भटनागर संगीत एवं कला के क्षेत्र में जाना पहचाना नाम है. आठ वर्ष पूर्व अनजान सपना ने गायकी की शुरुआत की थी, नवरत्न के 'जो आये वो गाये' में पहली बार सपना निर्णायक मंडल की अपेक्षा में खरी नही उतरी. लेकिन तभी से उन्होंने अपने मन में ठान लिया की उन्हें गायकी में एक मुकाम हासिल करना है और इसके लिये उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ निरंतर अभ्यास करना शुरू कर दिया. कुछ महीनों में सपना की गायकी में बदलाव शुरू हुआ और यह बेहतर होती चली गयी. आज आठ वर्षो के पश्चात सपना न सिर्फ एक सिद्धस्त गायिका बन गयी हैं बल्कि उनकी गायकी की प्रस्तुतियों में अनके स्वाभविक नृत्य का समावेश का प्रभाव दर्शकों को उनका चहेता बना देता है. सभी तरह के गानों में प्रवीणता हासिल कर आज दिल्ली एन सी आर ही नहीं देश के अन्य स्थानों पर भी सपना अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रही हैं. इसके साथ अपने व्यक्तित्व में भी सपना ने अमूलचूक परिवर्तन किया है और पहले से ज्यादा साकारत्मक सोच के साथ अपने को पूर्णतया आशावादी जीवन में ढाल लिया है. 45 वर्ष की उम्र में फिलहाल गोवा में आयोजित राष्ट्रिय स्तर की सौंदर्य प्रतियोगिता 'नारी फर्स्ट' सपना ने अपनी व्यक्तित्व की छाप ही नही छोड़ी बल्कि " श्रीमती स्टाइलिश सिमफोनी" टाइटल से सभी को चकित कर दिया. नवरत्न के अनेक संगीत के प्रसिद्ध कार्यक्रमों में पर्याय बन चुकी सपना भटनागर अपने परिवार एवं व्यवसायिक जिंदगी को भी बेहतर ताल मेल के संग बिता रही हैं। **यु–ट्यूब पर अपनी रील बनाने के लिए प्रसिद्ध श्रीमती सपना भटनागर को नवरत्न के रत्न पुरस्कार से सम्मानित करते हुए हमें बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही है।**

# समर्पण–2024 कार्यक्रम की झलक











# समर्पण–2024 कार्यक्रम की झलक















# एक्युप्रेशर हैल्थ कैम्प – समवर्यी फाउंडेशन











# अस्तित्व–महिला सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र

















# साइबर ऊर्जा कम्प्यूटर एजुकेशन सेन्टर











## साइबर ऊर्जा कम्प्यूटर एजुकेशन सेन्टर









## भावभीनी श्रृद्धांजलि



**स्वर्गीय बिजेंद्र शर्मा जी**

**1966 –2025**

स्वर्गीय बिजेंद्र शर्मा जी गत 15 वर्षों का नवरत्न फाउंडेशन्स के साथ चोली दामन का साथ था. प्रसिद्द दुर्गा साउंड के संस्थापक बिजेंद्र जी एक बहुत निर्मल, सहज, आत्मीय स्वभाव के व्यक्ति थे। नवरत्न के करीब 95 प्रतिशत कार्यक्रमों को सफल बनाने में बिजेंद्र जी का सहयोग रहता था. कभी चेहरे पर किसी प्रकार का झुंझलाहट या दबाव देखेने को नही मिलता था हमेशा ही मुस्कराते हुए वो अपना काम करते रहते थे. यदि किसी कार्यक्रम में कोई कमी रह जाए तो अगली बार उसको सुधार कर और बेहतर रूप से प्रस्तुत कर दिया करते थे. बिजेंद्र जी वैसे एक बहुराष्ट्रिय कम्पनी में एक अच्छे पद पर कार्य करते थे लकिन यह साउंड सिस्टम का कारोबार उनके एक शौक था और अपने मीठे व्यवहार से सबके चहेते बन गये था. लेकिन 7 फरवरी 2025 मात्र 58 वर्ष की उम्र में हम सब से विदा लेली और अनंत में विलीन हो गये. नवरत्न परिवार का हर सदस्य आज उन्हें अपने बीच न पाकर दुखी और व्यथित है।

**प्रिय बिजेंद्र शर्मा जी को नवरत्न परिवार की तरफ से भावभीनी श्रृद्धांजलि**

# नवरत्न की गतिविधियाँ



















# नवरत्न की गतिविधियाँ
















# नवरत्न ज्ञानपीठ








# जश्न–ए–तजुर्बात




अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस
के उपलक्ष्य में आयोजित


के सौजन्य से
अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस
के उपलक्ष्य में आयोजित


नवरत्न





# जो आए वो गाए


Present
JO AAYE


Grand Finale


Navratan
FOUNDATIONS
Present
JO AAYE WO GAAYE
NOIDA HAAT


Navratan
&
Present
JO AAYE WO GAAYE
NOIDA HAAT


Grand

# जो आए वो गाए


GRAND


JO AAYE WO GAAYE


Navratan
FOUNDATIONS
Present
JO AAYE WO GAAYE
HAAT


GRAND


JO AAYE WO GAAYE

# स्वतंत्रता दिवस – कवि सम्मेलन














# स्वर सम्राट मोहम्मद रफी जी – 32वीं संगीत संध्या




















# शौर्य दिवस : अमर शहीद कैप्टन विजयन्त थापर












# शुक्रिया मुकेश

















# हार्दिक आभार

NOIDA ENTREPRENEURS ASSOCIATION

KNOWLEDGE BOULEVARD
A Majestic Venture

विश्रांति
VISHRANTI
Om Vishranti Charitable Society

A CSR Initiative of
PETRONET LNG LIMITED

SHRI BALAJI CHARITABLE TRUST, KOLKOTA

RADHA RANI GOYAL CHARITABLE TRUST

KARNA APPARELS PRIVATE LIMITED

TEN NEWS.in
National News Portal

sparsh

NAV KALA BHAW SANGAM

CITADEL
Security & Management Services

CLUB-26

BS Foundation

Harmony

DMS aarohi
Musical Society
(A Cultural, Art, Stage & Film Based Society)

TRI GROUP

effective people
SHARPENING WINNERS

MANGALMAY
GROUP OF INSTITUTIONS

ABC Transformers Pvt. Ltd.

revvity
Health Care Pvt. Ltd.

जय हिन्द जनाब
हर नज़र पर खबर हर खबर पर नज़र

WONDER FIBROMATS LTD.

Divyatarang Educare Foundation
प्रतिकूलताय: शक्ति

रजनी
सिलाई मशीन वर्क्स

INDRAPRASTHA GAS LIMITED

AAGRIM™ VIDYAPEETH

Akash Memorial Charitable Trust®

CreateX

PiXFLiK®
Online Gift Store

CHILDREN UNBOUND foundation




JOINT COMMISSION INTERNATIONAL
QUALITY APPROVAL

## Yatharth Hospital, Noida Extension (Gr. Noida West), is now Uttar Pradesh's First JCI-Accredited Hospital

### DEFINING NEW STANDARDS IN HEALTHCARE EXCELLENCE

**World-class Evaluation Standards:** Evaluated on 282 standards and 1,192 measurable elements across all the departments.

**Patient-centric Care:** Delivering global safety, quality and innovation in healthcare.

**Commitment to Excellence:** Setting new benchmarks for trust and medical care in the region.

---

JCI (Joint Commission International) is a global healthcare accreditation organization, recognised as the international gold standard for improving safety and quality in hospitals.

YATHARTH
SUPER SPECIALITY HOSPITALS
GET BETTER

**YATHARTH GROUP OF HOSPITALS:** 7 HOSPITALS | 2300+ BEDS | 700+ DOCTORS



Greater Noida | Noida | Noida Extension | Jhansi-Orchha | Faridabad (Sec-88) | New Delhi | Faridabad (Sec-20)

+91 8800110084, 8800110086

# DayaRani Wellness Advisory



# Mental health is health.

Smile: the curve that sets everything straight, and your face is the canvas for life's masterpiece!

DayaRani is a wellness advisory think tank committed to educating individuals on essential tools, ensuring accessibility to support, and actively advocating to normalize discussions about mental health.

With mental health issues contributing significantly to the global disease burden, DayaRani aims to dismantle stigmas and misconceptions. We facilitate open discussions, share personal resilience journeys, and collaborate with mental health experts. Our goal is to bridge information and societal gaps, fostering a more empathetic understanding of mental well-being.

## Mission

Build a community that warmly embraces mental wellness, completely devoid of stigma and unfavourable negative perceptions. We will create a culture where individuals will have the opportunity to prosper and bloom without any apprehension, fear, or disgrace.

## What we do

1. Advocacy: Challenging the status quo by actively advocating for mental wellness and offering expert consultation.

2. Skills: Alternate therapies to build resilience and facilitate healing.

3. Collaboration: Partnering with like-minded organizations and individuals to ensure a comprehensive approach to health and wellness.

# पेट्रोनेट शीत कवच

A CSR Initiative of Petronet LNG Ltd.













Printed by : L R Print Solutions, Noida # 9810130994, 9311748388